भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net E_bsgmadhyapradesh@gmail.com Phone ✆: 2661263, Fax: 2737446

क्रमांक/ 1396 /रामु/युवा कार्यक्रम/2020–21 भोपाल, दिनांक07/10/2020

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास
   पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) जिला संघ............(म0प्र0) ।
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय मुख्यालय ....(म0प्र0) ।

विषय :– मध्यप्रदेश में आयोजित विधानसभा उपचुनाव में यूनिट लीडर/रोवर–रेंजर/सीनियर स्काउट्स/गाइड्स की भूमिका के संबंध में ।

सन्दर्भ :– मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल में आयोजित बैठक दिनांक 05/10/2020 के अनुक्रम में ।

–0–

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भित पत्रानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 3 नवम्बर 2020 की तिथि निर्धारित की गई है जिसमें पूर्व की भांति स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर की भूमिका भी सुनिश्चित की जा रही है । मध्यप्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में मतदान केन्द्रों पर कोविड–19 के संकट को दृष्टिगत रखते हुये निम्न दिशा–निर्देशों के साथ मतदाताओं को जागरूक कराना है ।

1. दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को निर्वाचन में मतदान हेतु यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे 12 डी का फार्म प्राप्त कर डाक मतपत्र प्राप्त कर सकते है । 12 डी आवेदन वेबसाइट पर भी उपलब्ध है तथा इस हेतु निर्वाचन कार्यालय एवं क्षेत्र के बी0एल0ओ से सहायता प्राप्त की जा सकती है दिनांक 13/10/2020 तक आवेदन देकर डाक मतपत्र की सुविधा प्राप्त करायी जा सकेगी ।
2. मतदान स्थल को सैनीटाइज कराये जा कर सैनेटाइजर, दस्ताने और मास्क न होने पर मास्क भी उपलब्ध कराये जा सकेगे ।
3. मतदान हेतु मतदाता लाइन में मतदाताओं के बीच गोले बनाये जायेगे, जिससे सोशल डिस्टसिंग का पालन कराया जा सकेगा ।
4. मतदान के आखरी 1 घन्टे में कोरोना संक्रमितों को मतदान कराये जाने की व्यवस्थ जायेगी अतः सामान्य मतदाताओं को प्रेरित किया जाय की वे समय से अपना मतदान कार्य पूर्ण करें ।
5. शरीर के तापमान मापने हेतु मशीन उपलब्ध रहेगी ।
6. समय समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त जानकारी वाट्सप द्वारा संबंधितो को भिजवायी जा सकेगी ।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा समय समय पर पूर्व में मतदाता जागरूक अभियान हेतु आपके द्वारा कार्य किये गये है । कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये सामायिक परिस्थितियों में सचेत रहते हुये उक्त कार्य में सहयोग प्रदान करें । स्काउट/गाइड के सदस्य छोटे छोटे समूह में मतदाताओं से सम्पर्क कर शासन द्वारा निर्वाचन कार्य में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी देवें एवं प्रतिवेदन इस कार्यालय को भिजवायें ।

अतः यूनिट लीडर, रोवर, रेंजर एवं सीनियर स्काउट/गाइड को तत्काल त्संबंधी जानकारी से अवगत करायें, जिससे वे मतदाताओं से सम्पर्क कर उन्हें को निर्भय होकर अपने मत का उपयोग किये जाने हेतु प्रेरित कर सके । मतदाता जागरूकता हेतु निर्वाचन कार्यालय से पोस्टर, बैनर भी प्राप्त किये जा सकेगा ।

मतदान के संबंध में निर्वाचन कार्यालय से समय समय पर प्राप्त जानकारी से श्री हरिदत्त शर्मा एस0ओ0सी0(एस) राज्य मुख्यालय भोपाल द्वारा वाट्सप के माध्यम से अवगत जायेगा।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ क्रमांक/ 1337 /रामु/युवा कार्यक्रम/2020–21 भोपाल, दिनांक 07/10/2020

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु–

1. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन 17 अरेराहिल्स भोपाल ।
2. राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल।
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग ....(म0प्र0) ।
4. संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी संभाग ....(म0प्र0) ।
5. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) .जिला ....(म0प्र0) ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश